पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर दीपावली की बधाइयाँ दी

——————

दीपावली के उपलक्ष्य में राजभवन के चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों को राज्यपाल ने उपहार भेंट किया

——————

दीपावली स्वच्छता का संदेश लेकर आती है– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 22 अक्टूबर, 2022

दीपावली के पावन पर्व पर आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से प्रदेश के मंत्रिगण, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें बधाइयाँ दी।

राज्यपाल जी से मिलकर बधाई देने वालों में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दया शंकर मिश्र 'दयालु, कारागार एवं होमगाड्र्स राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री के0पी0 मलिक, पूर्व मंत्री श्री महेन्द्र सिंह, महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया, मुख्यमंत्री जी के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एन0बी0 सिंह तथा पत्रकार बन्धु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे।

इससे पूर्व राज्यपाल जी से प्रमुख सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने भेंट कर दीपावली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राजभवन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी एवं

आउटसोर्सिंग कर्मियों को दीपावली के उपलक्ष्य में उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई दी तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि दीपावली आस्था एवं विश्वास के साथ–साथ स्वच्छता का संदेश लेकर आती है। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिये कि हम एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की भावना से कार्य करते हुए अपने प्रदेश एवं देश को स्वच्छ, स्वस्थ एवं समृद्ध बनाने हेतु पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जब हम बड़ी सोच लेकर आगे बढ़ेंगे तभी परिवार, समाज व देश आगे बढ़ेगा। हमारे बच्चों में ग्राहयता शक्ति अधिक होती है। वे देखकर बहुत जल्दी सीखते हैं। अतः बड़ों को कोई भी ऐसा गलत कार्य नहीं करना चाहिये, जिसे देखकर बच्चे भी गलत सीखें। परिवार के बड़े लोगों को चाहिए कि वे बच्चों के अन्दर छिपी सुषुप्त शक्तियों को बाहर लाने के लिए उन्हें हर समय प्रेरित करते रहें, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

––––

राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक/राजभवन
9453005360
चन्द्रविजय वर्मा–सूचना अधिकारी
9044381834

c